be strengthen for transportation of coal.

22. Government of Tripura and Rubber Board may draw plans for cultivation of rubber on large scale.

23. APEDA in collaboration with G/O Arunachal Pradesh and NEC may establish Orchid Auction Centre in Itanagar. It is also necessary to set up cold storage facilities and to seek private participation in orchid cultivation.

The recommendations of the study has been circulated to all concerned for obtaining their comments/views in order to finalise the same.

(c) The recommendations of the study relates to the North East region as a whole.

(d) The Question does not arise in view of the (c) above.

राजस्थान से संगमरमर का निर्यात

26. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान के संगमरमर पत्थर के निर्यात की मांग बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में गत तीन वर्षों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा संगमरमर के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए क्या योजना तैयार की जा रही है तथा क्या प्रोत्साहन दिए जा रहा है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) जी, हां। पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए संगमरमर के निर्यातों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

(मूल्य मिलियन रुपए में)

1995-96	1996-97	1997-98
826.4	1035.5	1200.0

(अनुमानित)

(स्त्रोत: वेपक्सिल)

संगमरमर उत्पादों के कुल निर्यात का लगभग 95% निर्यात राजस्थान से होता है।

(ग) वाणिज्य मंत्रालय ने विशेषत: संगमरमर के लिए कोई भी प्रोत्साहन योजना तैयार नहीं की है। यद्यपि, विभिन्न नीतियों एवं क्रियाविधियों पर समय-समय पर समीक्षा की जाती है ताकि अवरोधों को, अगर कोई है, दूर किया जा सकें।

Discontentment amongst employees of FIEO

27. SHRI RAGHAVJI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the discontentment amongst the employees of the Federation of Indian Export Organisation (FIEO) for denying revised pay scales and allowances adopted by Government which are mandatory in the service rules of the FIEO and these rules also prescribe the retirement age at 58 years; and

(b) if so, what action Government propose to take in the interest of export promotion as four Government officers are serving on the Managing Committee of this apex export organisation?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEGDE): (a) The Government have received a representation from the FIEO Officers and Staff Association and FIEO Employees Union regarding Pay revision.

(b) FIEO have been asked to examine the issues raised in the memorandum of the FIEO Officers and Staff Association and FIEO Employees Union.

प्याज व आलू की कीमतों में वृद्धि होना

28. **श्री राघवजी:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1998 के प्रत्येक माह में अब तक आलू व प्याज की कितनी-कितनी मात्रा का आयात व निर्यात किया गया है;

(ख) क्या सरकार को इनका निर्यात करते समय इस बात का पूर्वानुमान नहीं था कि आलू व प्याज की कीमतें बढ़ सकती हैं;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) निकट भविष्य में आलू-प्याज के आयात-निर्यात संबंधी नीति क्या है?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) 1998 के दौरान निर्यातित आलू और प्याज की मात्रा (मी.टन में) इस प्रकार है:

अक्तूबर नवम्बर, 1998 के दौरान आयात मुक्त करने के बाद सीमा-शुल्क प्राधिकारियों के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 559 मी.टन प्याज आयातित किए गए हैं।